
हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार, 28 सितंबर, 2025

13 सेवा पखवाड़ा लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनाने का प्रयास : शर्मा



14 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे से गूंज उठा स्कूल प्रांगण...



## खबर संक्षेप

### टेलीग्राम टास्क फ्रॉड प्रकरण में युवक काबू

**फतेहाबाद।** टेलीग्राम टास्क के नाम पर लाखों रुपये हड़पने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान राहुल पुत्र रामफल निवासी जुगलान, जिला हिसार के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक राहुल ने बताया कि पीड़ित राजेश कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी बनगांव, जिला फतेहाबाद ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी।

### हमला और मारपीट के मामले में आरोपी दबोचा

**टोहाना।** गांव डांगरा में मारपीट करने के एक मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। आरोपी की पहचान प्रदीप उर्फ पोकर पुत्र कृष्ण कुमार निवासी डांगरा के रूप में हुई है। इस मामले में पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। सुरेश पुत्र भीम सिंह निवासी डांगरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 अगस्त की रात लगभग 2 बजे वह अपने घर पर सो रहा था इसी दौरान उसपर हमला किया गया।

### मोबाइल चोरी का आरोपी पकड़ा

**सिरसा।** पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को चोरीशुदा मोबाइल सहित गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि दुकान संचालकयश तवर पुत्र अशोक कुमार निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी सिरसाने पुलिस दी शिकायत में बताया गया कि बीती शाम करीब 4:53 बजे उक्त युवक रिपेयरिंग करवाने के बहाने दुकान से मोबाइल चोरी कर ले गया था, जिसकी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

### पुलिस ने युवक को गांजे सहित किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने गश्त के दौरान रेलवे पार्क के समीप से एक युवक को 60 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान रेलवे पार्क के नजदीक मौजूद थी। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा और अपने हाथ में पकड़ा पॉलीथीन फेंक दिया।

### इंटर कॉलेज स्पर्धा में सीएमके की टीम द्वितीय

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नेशनल कॉलेज सिरसा में आयोजित विभिन्न इंटर कॉलेज प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन किया। जिला स्तरीय इंटर कॉलेज साइंस क्विज प्रतियोगिता में सीएमके की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों में बीएससी अंतिम वर्ष मेडिकल के तरनदीप सिंह, बीएससी अंतिम वर्ष नॉन मेडिकल से आरजू व बीएससी द्वितीय वर्ष फिजिकल साइंस से मुकेश शामिल रहे।

### वाहन चोरी के मामले में एक और युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वाहन चोरी प्रकरण में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सुखबीर सिंह पुत्र गुरजंट सिंह निवासी बदनपुर, पटियाला, पंजाब के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस बारे जोनी निवासी गांव कन्हड़ी, जिला फतेहाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 21 अगस्त की रात आरोपियों ने उसे पकडक़र जबरन एक सिल्वर रंग की कार में बैठा लिया और कुछ दूरी पर उतारकर फरार हो गए।

## नुकसान झेल चुके दुकानदार विरोध में, हलवाइयों के दुकान बंद करने पर सवाल

# तोड़फोड़ से आहत व्यापार मंडल ने दशहरे के दिन शहर बंद करने का लिया फैसला

**19 ट्रेड यूनियनों का सामूहिक निर्णय, अधिकारियों के पुतलों का किया जाएगा दहन**

**अतिक्रमण हटाने के नाम पर की जा रही तोड़फोड का विरोध**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर मे प्रशासन द्वारा त्यौहारी सीजन में अतिक्रमण हटाने के नाम पर की जा रही तोडफ़ोड़ के विरोध में व्यापार मंडल द्वारा आज सभा का आयोजन किया गया। सभा में 19 ट्रेड यूनियनों ने सामूहिक निर्णय लिया है कि अगर सरकार दिवाली तक इस अभियान को नहीं रोकती तो व्यापारी वर्ग 2 अक्टूबर दशहरे वाले दिन 11 बजे तक बाजारों को बंद करवाएंगे एवं सरकार एवं अधिकारियों के जवाहर चौक में पुतला दहन करने के बाद अपनी-अपनी दुकानें खोलेंगे। अगर उसके बाद भी अभियान जारी रहता है तो व्यापारी पूरे प्रदेश में काली दिवाली मनाएंगे जिसके लिए प्रदेश स्तरीय व्यापारी नेताओं से संपर्क किया जा रहा है।

अब सवाल यह है कि तोडफ़ोड़ से नुकसान झेल चुके व दशहरे पर्व पर कमाई के लिए इन्वेस्टमेंट कर चुके दुकानदार क्या इस बंद में साथ देंगे। दुकानदारों का कहना है कि व्यापार मंडल द्वारा बिना सोचे-समझे बड़ी देरी से लिया गया फैसला है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक नारंग ने कहा कि जब से अतिक्रमण अभियान चलाया गया बेलगाम अधिकारियों द्वारा व्यापार मंडल को किसी तरह संज्ञान में नहीं लिया गया, जबकि आज तक पिंक सिटी, स्वच्छता के जितने भी अभियान चले हैं, व्यापार मंडल को साथ लेकर चलाए गए हैं। आज तक जेसीबी मशीन बाजार में नहीं आई है, मगर इस बार राजनीतिक शहर के चलते कार्य कर रहे अधिकारियों ने अपनी मनमर्जी से शहर को तोडऩे का काम किया।



**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपाध्यक्ष विनोद अरोड़ा, किरयाणा एसोसिएशन से अनिल ग्रोवर, सुरेश बंसल, क्लॉथ मर्चेंट से राजेंद्र गिलहोत्रा, कंवर भान टुटेजा, बर्तन एसोसिएशन से संदीप रहेजा, गारमेंट एसोसिएशन से प्रेम आहूजा, देवेंद्र मोंगा, जनरल मर्चेंट एसोसिएशन से राजेंद्र आहुजा, फुटवियर संगठन से सतीश गर्ग, मोबाइल मार्केट से विकास बत्रा, मुकेश नारंग, हलवाई एसोसिएशन से लवली गिरधर, बुक एसोसिएशन से सुभाष असीजा सहित ऑटो मार्केट, सब्जी मंडी, जवाहर चौक आदि से व्यापारी उपस्थित रहे।

### बाजारों में गुंडाराज

नारंग ने कहा कि व्यापारी वर्ग जो कि हमेशा भाजपा सरकार के साथ रहा है और उन्होंने भाजपा की उच्च नेताओं से संपर्क किया व अभियान में समय देने की बात कही। दिवाली, दशहरे का त्यौहार होने के कारण कुछ नेताओं ने मुख्यमंत्री व उपायुक्त से बात करके व्यापारियों को आश्वासन दिया कि दिवाली तक अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलाया जाएगा, मगर अधिकारियों ने बाजारों में गुंडाराज की तरह फिर से अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को फतेहाबाद में जीटी रोड और शनिवार को टोहाना में सुबह 5 बजे उठकर सर्जिकल स्ट्राइक की गई, जिससे व्यापारी वर्ग में काफी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग ने भी इसकी निंदा की है। अब सभी 19 ट्रेड यूनियनों ने सामूहिक निर्णय लिया है कि अगर सरकार दिवाली तक इस अभियान को नहीं रोकती तो व्यापारी वर्ग 2 अक्टूबर दशहरे वाले दिन 11 बजे तक बाजारों को बंद करवायेंगे एवं सरकार एवं अधिकारियों के जवाहर चौक में पुतला दहन करने के बाद अपनी-अपनी दुकानें खोलेंगे।

### प्रतिष्ठान दोबारा खोलने की उम्मीद छोड़ी

**फतेहाबाद।** शहर में हाल ही में हुई अव्यवस्था, तोड़फोड़ और भारी नुकसान के बाद अब जाकर व्यापार मंडल की ओर से बंद का आह्वान किया गया है, लेकिन सवाल उठता है कि जब पूरा शहर पहले ही उजड़ चुका है, तब इस बंद का मकसद और असर क्या रह गया है। एक स्थानीय दुकानदार ने कहा, जब हमारी दुकानें लूटी जा रही थीं, तब कोई आगे नहीं आया। अब जब सब कुछ तबाह हो चुका है, तो बंद का कोई औचित्य नहीं है। स्थिति यह है कि कई व्यवसाय पहले ही भारी घाटे में जा चुके हैं। कुछ दुकानदारों ने तो अपने प्रतिष्ठान दोबारा खोलने की उम्मीद ही छोड़ दी है।

### नप ने साधी चुप्पी

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में अतिक्रमण हटाने को लेकर चले अभियान के बाद से जनप्रतिनिधियों के प्रति दुकानदारों में रोष बढ़ा हुआ है। नगर पार्षद भी इस मसले पर चुप्पी साधे रहे। इस कारण इस मुद्दे पर सोशल मीडिया पर रोजाना बहस छिड़ रही है। इसी बहस के दौरान एक नगर पार्षद ने ही नगर परिषद को फ्लॉप करार दे दिया। ग्रुप में एक दुकानदार विकास कुमार ने लिखा कि सारे शहर की नजर अपने-अपने नुमाइंदों पर है।

### सामान ट्राली में फेंका

नगरपरिषद टीम ने पिछले दिनों जीटी रोड पर एक साइकिल दुकानदार के बाहर से नई बन रही रेहड़ी व अन्य सामान को ट्राली में फेंक दिया। दुकानदार का आरोप है कि उसकी नई साइकिल और अन्य सामान, जिसकी कीमत लगभग 40 से 50 हजार रुपये थी, बिना जांच के उठा लिए गए। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि वह कई दिनों से अपने सामान की वापसी के लिए नगर परिषद के दफ्तरों के चक्कर काट रहा है।

### पार्षद खुद काम करवाने के लिए जाते मीडिया के पास

फतेहाबाद नगरपरिषद में 27 पार्षद है। किसी भी पार्षद, प्रधान या उपप्रधान को अतिक्रमण हटाने की कोई जानकारी नहीं है। न ही वह पब्लिक के समर्थन में जनविरोधी फैसले का विरोध करने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं। यह सभी पार्षद शहर के ही वार्डों से चुने गए हैं। अब लोग सवाल करने लगे हैं कि अगर पार्षद उनके हित की बात नहीं करते तो ऐसे जनप्रतिनिधि का कोई फायदा नहीं। हालात यह है कि पार्षदों के खुद नगरपरिषद से जुड़े कोई काम नहीं हो रहे। शनिवार को शहर के दो पार्षद अपना निजी काम करवाने के लिए मीडिया की शरण में पहुंचे।

## शहर की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

- जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई ने नगर पालिका रतिया का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई ने शनिवार को नगर पालिका रतिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर में विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग अपने स्तर पर साफ-सफाई बनाए रखें तथा कचरे को गाड़ियों में अलग-अलग करके ही दें।



**रतिया।** शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते डीएमसी। *फोटो : हरिभूमि*

### अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नियमित अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए, ताकि नागरिकों को सुगम यातायात एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके।

## सुबह होते ही नप की टीम ने की तोड़फोड़

- दुकानदारों ने जेसीबी के आगे खड़े होकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद/टोहाना

फतेहाबाद के बाद शनिवार को नगरपरिषद की टीम ने सुबह 5 बजे ही अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर तोडफ़ोड़ शुरू कर दी। टीम ने जेसीबी की मदद से बंद पड़ी दुकानों के बाहर लगे शैड तोडऩे शुरू कर दिए। जैसे ही दुकानदारों को तोडफ़ोड़ का पता चला तो काफी संख्या में दुकानदार मौके पर पहुंच गई और रोष जताना शुरू कर दिया। गुस्साएं दुकानदारों ने जेसीबी के आगे खड़े होकर विरोध जताया और कार्रवाई को रूकवा दिया। खफा दुकानदारों ने कुछ देर के लिए रास्ता बंद कर रोष प्रदर्शन भी किया। अतिक्रमण हटाओ अभियान की सूचना मिलते ही नगरपरिषद के प्रधान नरेश बंसल मौके पर पहुंचे।





**टोहाना।** दुकानदारों के बाहर तोड़े गए शैड व अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई का विरोध करते दुकानदार। *फोटो : हरिभूमि*

### दुकानों के बाहर लगे शेड तोड़े

अभी यह मामला शांत भी नहीं हुआ था कि शनिवार को प्रशासन ने टोहाना में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी सुबह करीब 5 बजे ही बुलडोजर लेकर रेलवे रोड मार्केट में पहुंच गए। यहां दुकानों के बाहर लगे शेड तोड़ दिए गए। किसी ने अवैध निर्माण किया हुआ था, उस पर भी बुलडोजर चला दिया गया। एक के बाद एक काफी दुकानों के बाहर तोडफ़ोड़ कर दी गई।

## स्कूल वैन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**सिरसा।** ऐलनाबाद कस्बे के गांव मौजूखेड़ा में शनिवार को स्कूल वैन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को उपचार के लिए ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक कुलदीप पुत्र काला सिंह गांव मुसाहिबवाला सुबह गांव से खेतों की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक निजी स्कूल वैन की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि वैन सुबह आसपास के बच्चों को लेकर स्कूल लेकर आ रही थी और वैन में करीब 26 बच्चें सवार थे। हादसे के बाद बच्चों को दूसरी वैन से स्कूल में पहुंचाया गया। हादसे की सूचना मिलने पर गांव के सरपंच सुरेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल कुलदीप को ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



हादसे में क्षतिग्रस्त हुआ मोटरसाइकिल।

## घर में सेंध लगाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

**करीब 40,000 रुपये की नकदी और आभूषण चुराए**

पुलिस ने शहर के मेला ग्राउंड क्षेत्र में एक घर से करीब चालीस हजार रुपये की नकदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी मामले का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को सिरसा शहर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान आनंद, गौतम व सोयल के रूप में हुई है। पुलिस ने चोरीशुदा आभूषण भी बरामद कर लिए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मेला ग्राउंड निवासी पुरुषोत्तम ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि वे घर पर ताला लगाकर रिश्तेदारी में गए हुए थे।



पकड़े गए आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## अवैध कॉलोनी की चारदीवारी ढहाई

- जिला नगर योजनाकार की टीम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला नगर योजनाकार की टीम ने आज जिले के शहर रतिया में फतेहाबाद रोड पर 33 फूटा रोड पर बिना मंजूरी के चार लोगों द्वारा चार एकड़ में काटी गई अवैध कॉलोनी के लिए बनाई गई दीवारों को जेसीबी की सहायता से गिरा दिया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर बिना मंजूरी कॉलोनी काटी तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



**फतेहाबाद।** रतिया में अवैध कालोनी में चलता पीला पंजा। *फोटो : हरिभूमि*

### बिना मंजूरी चार एकड़ में बनाई जा रही थी कॉलोनी

मिली जानकारी के अनुसार जिला नगर योजनाकार विभाग को सूचना मिल रही थी कि धनपत सत्यनारायण हनुमान व ममता द्वारा 33 फूटा रोड पर बिना मंजूरी के चार एकड़ में अवैध कॉलोनी बनाई जा रही है। इसके लिए उसने चार दिवारी भी बनानी शुरू कर दी है। सूचना मिलने पर जिला नगर योजना का राजकीर्ति अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की सहायता से अवैध कॉलोनी के लिए बनाई गई चार दिवारी को गिरा दिया। टीम ने चेतावनी भी दी की अगर फिर से जिला नगर योजनाकार की बिना मंजूरी के अवैध कालोनी काटी गई तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**सुरक्षा** | पुलिस अधीक्षक ने की अपील, शांति, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार

## त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट सिविल वर्दी में कर्मचारी तैनात

**मंदिरों और बाजारों में गश्त की तेज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

आगामी दुर्गाष्टमी, दशहरा और दीपावली जैसे बड़े धार्मिक त्योहारों को देखते हुए फतेहाबाद पुलिस ने जिले भर में सुरक्षा के कड़े और व्यापक प्रबंध लागू कर दिए हैं। मंदिरों में भजन-कीर्तन, जागरण एवं पूजा-अर्चना के भव्य आयोजन और बाजारों में भारी भीड़ की संभावना को ध्यान में रखते हुए जनसामान्य की सुरक्षा, शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के अनुसार त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, शरारत या साम्प्रदायिक तनाव को रोकने के लिए पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद रहेगा। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख धार्मिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले इलाकों एवं जुलूस मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करें और चौकस निगरानी बनाए रखें। एसपी ने बताया कि त्यौहारों के मद्देनजर पीसीआर व राइडर टीमें मंदिरों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में नियमित एवं सतत गश्त करेंगी।



एसपी सिद्धांत जैन।

### संदिग्ध गतिविधियों की दें सूचना

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं आयोजकों से आग्रह किया है कि वे त्योहारों को शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना, हेल्पलाइन नंबर 112 या कंट्रोल रूम को देने की अपील की है। उन्होंने कहा, फतेहाबाद पुलिस आपकी सुरक्षा, सेवा और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। हम सुनिश्चित करेंगे कि दुर्गाष्टमी, दशहरा, बारावफात और दीपावली सहित सभी पर्व-त्योहार जिले में पूरी सुरक्षा और शांति के साथ मनाए जाएं।

## अग्रसेन जयंती समारोह आज शोभायात्रा को लेकर सजा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अग्रवाल समाज फतेहाबाद द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर शहर को शानदार ढंग से सजाया गया है। शहर के महाराजा अग्रसैन चौक पर की गई सजावट जहां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी है वहीं शोभा यात्रा को लेकर शहर के बाजारों में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए हैं। अग्रवाल समाज फतेहाबाद के प्रैस प्रवक्ता एवं समारोह के प्रोजेक्ट चेयरमैन मुकेश बंसल के अनुसार महाराजा अग्रसैन जयंती समारोह 28 सितम्बर रविवार को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा।

### मनोज गर्ग करेंगे अध्यक्षता

समारोह को लेकर चल रही तैयारियों की देखरेख कर रहे मीडिया सेल प्रभारी अनिल गोयल ने बताया कि यह कार्यक्रम अग्रवाल समाज फतेहाबाद के प्रधान मनोज गर्ग बड़ोपलिया की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर गंगा गुरप गुडगांव के चेयरमैन अशोक गर्ग, डायरेक्टर प्रवीन गर्ग, फतेहाबाद के प्रसिद्ध उद्योगपति अजय जिंदल, अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिलाध्यक्षा नेहा मित्तल व अग्रवाल सभा मदुरई (तमिलनाडू) के प्रधान सज्जन गर्ग भिरड़ाना वाले शिरकत करेंगे।

# स्मॉल कैप और मिडकैप में कौन आगे, किसने दिया बढ़िया रिटर्न

▶▶ स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट ▶▶ 3 साल, 5 साल और 10 साल में दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न बढ़िया
▶▶ निवेशकों के लिए एसआईपी होता है सबसे अच्छा विकल्प, हो रहे मालामाल ▶▶ एसआईपी में लंबे समय में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता, करें प्लानिंग

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अलग-अलग मार्केट कैप सेगमेंट्स को रिप्रेजेंट करने वाले इक्विटी फंड्स में स्मॉल कैप और मिड कैप फंड्स को हाई रिटर्न देने के लिए जाना जाता है। इन दोनों फंड्स को को हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट माना गया है, लेकिन पिछले 3, 5 और 10 साल के रिटर्न के लिहाज से दोनों में से कौन सी कैटेगरी आगे रही है। इसे देखा जाए तो दोनों ही श्रेणियों का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। निवेशकों ने अच्छा मुनाफा कमाया है। हालांकि मार्केट की उथल-पुथल के दौरान इनमें रिस्क भी अधिक होता है, जो पिछले 1 साल के दौरान दोनों ही कैटेगरी के एवरेज निगेटिव रिटर्न में नजर आता है, लेकिन 3 साल, 5 साल और 10 साल में स्मॉल कैप और मिड कैप, दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि रिटर्न के मामले में दोनों फंड कैटेगरीज में कौन आगे रहा है, स्मॉल कैप या मिड कैप?

### क्या कहता है पिछला प्रदर्शन

स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स के पिछले 3, 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज के आंकड़े काफी दिलचस्प हैं। लंबी अवधि के निवेश पर दोनों ही श्रेणियों ने काफी अच्छा रिटर्न दिया है। हालांकि एक दो साल का रिटर्न देखें तो कुछ खास नहीं दिखा। इसलिए बाजार के जानकारों का भी कहना है कि निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य और धैर्य को जांच लें। हमेशा लंबी अवधिक के लिए निवेश करें। इसके लिए एसआईपी का सहारा भी लिया जा सकता है। एसआईपी में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता होती है।

### 5 और 10 साल के रिटर्न में स्मॉल कैप आगे

पिछले 3 साल के रिटर्न के आंकड़ों में मिड कैप और स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज लगभग बराबर रहा है। इस दौरान स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न 20.86% और मिड कैप का कैटेगरी रिटर्न उससे थोड़ा बेहतर 20.96% रहा है, लेकिन 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप फंड आगे हैं। 5 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न 28.75% और मिड कैप कैटेगरी का औसत रिटर्न 26.38% रहा है। वहीं, 10 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी ने औसतन 17.24% और मिड कैप कैटेगरी ने 16.29% का एवरेज रिटर्न दिया है।

### रिटर्न के साथ रिस्क भी समझ लें

हालांकि 3 साल से लेकर 10 साल तक के कैटेगरी



एवरेज में स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स के आकर्षक रिटर्न साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन इन आंकड़ों से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती। इन दोनों कैटेगरी के इक्विटी फंड्स में निवेश शॉर्ट टर्म में कितना रिस्की होता है, इसका अंदाजा इनके पिछले 1 साल के निगेटिव रिटर्न को देखकर लगाया जा सकता है. पिछले एक साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 6.54% और मिड कैप कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 3.94% रहा है।

### हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट

स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स को हाई रिटर्न, हाई रिस्क इनवेस्टमेंट कहा जा सकता है। रिस्कोमीटर पर भी इन दोनों कैटेगरी के सभी फंड्स को वेरी हाई रिस्क यानी बहुत अधिक जोखिम की रेटिंग ही दी जाती है। ऊपर दिए आंकड़ों से यह भी साफ है कि मिड कैप और स्मॉल कैप फंड्स में लंबी अवधि के लिए निवेश करने की सलाह क्यों दी जाती है।

### किन्हें करना चाहिए निवेश

ऊपर दिए आंकड़ों से ही कुछ बातें साफ होती हैं। पहली बात तो यह है कि स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स में निवेश उन्हीं लोगों को करना चाहिए, जो ऊंचा रिटर्न पाने के लिए मार्केट से जुड़ा हाई रिस्क लेने को तैयार हैं। दूसरी बात यह कि इनमें पैसे हमेशा लॉन्ग टर्म के लिए ही इनवेस्ट करना चाहिए। यह समझना भी जरूरी है कि इक्विटी फंड्स में पिछला रिटर्न आगे भी जारी रहेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसलिए निवेश से पहले अपनी रिस्क लेने की क्षमता को हमेशा ध्यान में रखें।

### क्या हैं स्मॉल और मिड कैप

**स्मॉल-कैप :** स्मॉल-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण कम होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से कम। ये कंपनियां अक्सर नई और तेजी से बढ़ने वाली होती हैं, और उनके शेयरों में उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना होती है।

**मिड-कैप:** मिड-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण मध्यम आकार का होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से 20,000 करोड़ रुपये के बीच। ये कंपनियां अक्सर स्थापित और स्थिर होती हैं, और उनके शेयरों में मध्यम जोखिम और मध्यम रिटर्न की संभावना होती है।

### स्मॉल-कैप और मिड-कैप के लाभ

1. **उच्च विकास क्षमता:** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे उनके शेयरों की कीमतें बढ़ सकती हैं।
2. **विविधीकरण :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में निवेश करने से आपके पोर्टफोलियो में विविधीकरण होता है, जिससे जोखिम कम होता है।
3. **निवेश के अवसर :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में निवेश करने से आपको नए और रोमांचक निवेश अवसर मिलते हैं

# जरूरत और चाहत में फर्क समझें, बाजार की चकाचौंध में न बिगाड़ लें अपना बजट

■ बाजार जाएं तो ऑफर्स को देखकर ललचाएं नहीं, संयम बरतना जरूरी
■ अपनी जरूरत के हिसाब से ही सामान खरीदें, ताकि कर्ज का बोझ न बढ़े
■ कुछ भी खरीदने से पहले जांच लें कि हमें इसकी कितनी जरूरत
■ त्योहारों की खरीदारी में खुशियों और जेब का संतुलन रखना बेहद जरूरी

अलर्ट
विनोद कौशिक

नवरात्रों के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो गया है। बाजार में तरह-तरह की चीजों की भरमार है। दुकानदार इस समय तमाम ऑफर्स पेश कर ग्राहकों को लुभा रहे हैं। ऐसे में आपको भी थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। कई बार ग्राहक बाजार में ऑफर्स देखकर ललचा जाते हैं, लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि त्योहारों की खरीदारी के चक्कर में कहीं आपका बजट बिगड़ न जाए। इसलिए अपना बजट देखकर ईएमआई और लोन ऑफर्स के बीच चाहत और जरूरत में फर्क समझें और खुशियों और जेब के बीच संतुलन बनाकर ही खरीदारी करें। इससे आप अनावश्यक दबाव से बच सकेंगे और बिना किसी कर्ज के खुशियां मना सकेंगे। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी न करें, बेहद जरूरी होने पर ही क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करें, वरना ईएमआई का बोझ आपको परेशान कर सकता है।

### बढ़ जाता है खरीदारी का क्रेज

त्योहारों का मौसम जैसे ही नजदीक आता है, खरीदारी का उत्साह तेजी से बढ़ जाता है। नवरात्र और दशहरे के बाद दिवाली तक हर जगह डिस्काउंट व ऑफर्स की बौछार होती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट की सेल तो लोगों को और ज्यादा लुभाती हैं। बैंक और फिनटेक कंपनियां आसान ईएमआई, बाय नाऊ पे लेटर और लो-इंटरेस्ट लोन की सुविधा देकर शॉपिंग को आकर्षक बना देते हैं, लेकिन शॉपिंग की इस होड़ के बीच बजट बिगड़ने और कर्ज के जाल में फंसने का रिस्क बढ़ जाता है। त्योहार की खरीदारी जेब पर बड़ा बोझ न बन जाए, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



**इस फर्क को समझना जरूरी :** त्योहारों पर डिस्काउंट और ऑफर इतने आकर्षक होते हैं कि अक्सर लोग जरूरत और चाहत के बीच का फर्क ही भूल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर घर के लिए जरूरी फ्रिज या बच्चों के लिए पढ़ाई का लैपटॉप खरीदना एक जरूरत है, जबकि लेटेस्ट स्मार्टफोन या महंगे गैजेट लेना सिर्फ चाहत हो सकती है। इसलिए इन चीजों के बीच के फर्क को समझकर ही खरीदारी करेंगे तो कर्ज के जाल से बच सकेंगे और हंसी खुशी के साथ त्योहार मना सकेंगे।

**बजट तय करें और उस पर टिके रहें :** खरीदारी का असली आनंद तभी है जब वह आपको बाद में तनाव न दे। त्योहारों के मौसम में हर चीज पर खर्च करने का मन करता है, लेकिन अगर आप पहले से कैटेगरी-वाइज बजट बना लें तो हालात आपके नियंत्रण में रहेंगे। उदाहरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, सजावट और गिफ्टिंग के लिए अलग-अलग रकम तय करें। आजकल कई मोबाइल ऐप्स हैं जिनसे आप रियल-टाइम में अपने खर्च को ट्रैक कर सकते हैं। सिर्फ बजट बनाना काफी नहीं है। असली फायदा तब है, जब आप उस पर मजबूती से टिके रहें।

**लोन लेते समय सावधानी :** त्योहारों पर ईएमआई और बीएनपीएल स्कीमें बहुत आसान लगती हैं, लेकिन याद रखें, यह सब शुरुआत में जितना आसान लगता है, उतना होता नहीं, क्योंकि किस्तें लंबे अरसे तक चलती रहती हैं। एक थंब रूल यह है कि आपकी मंथली इनकम में ईएमआई का हिस्सा अधिकतम 30 से 40 प्रतिशत तक होना चाहिए। इससे बचत और इमरजेंसी खर्चों के लिए भी जगह बनी रहती है। साथ ही ईएमआई को ऑटो-डेबिट में डालना बेहतर है, ताकि पेमेंट में देरी की वजह से पेनाल्टी न देनी पड़े।

### कई लोन लेने की गलती न करें

त्योहार के जोश में लोग कई बार एक साथ अलग-अलग जगहों से लोन ले लेते हैं. कहीं से पर्सनल लोन, कहीं से क्रेडिट कार्ड ईएमआई। नतीजा यह होता है कि हर महीने कई किस्तें चुकानी पड़ती हैं और बजट पूरी तरह गड़बड़ा जाता है। लोन लेने से पहले शर्तें अच्छी तरह पढ़ें। ब्याज दर के अलावा हिडेन चार्ज और पेनल्टी पर भी ध्यान दें। जो ईएमआई अभी सस्ती दिख रही है, हो सकता है लंबे समय में वह महंगी पड़ जाए। इसलिए सिर्फ वही लोन लें जो वास्तव में जरूरी हो और जिसे चुकाना आपके लिए आराम से संभव हो।

### स्मार्ट शॉपिंग से बढ़ाएं बचत

त्योहारों पर डिस्काउंट, बैंक ऑफर्स और कैशबैक एक साथ मिलकर अच्छा फायदा दे सकते हैं। समझदारी इसी में है कि इन ऑफर्स का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए। कई लोग फियर ऑफ मिसिंग आउट यानी एफओएमओ में आकर जरूरत से ज्यादा खर्च कर देते हैं। याद रखें, ऑफर्स हर साल आते हैं, लेकिन आर्थिक मजबूती सबसे जरूरी है। बजट में जितनी गुंजाइश है, उतना ही खर्च करें। त्योहार परिवार के संग खुशियां मनाने और वक्त बिताने का मौका हैं। उन्हें कर्ज और तनाव का कारण न बनने दें।

# जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे उतनी ही जल्दी बढ़ जाएगा पैसा

● कुछ छोटे छोटे टिप्स जेन जेड को दिला सकते हैं बड़ा रिटर्न ● अभी-अभी कमाना शुरू किया तो निवेश करना शुरू करें
● एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस दे रहे मजबूत पोर्टफोलियो ● जेन जेड ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से जुड़ी हुई
● फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी सतर्क और जागरूक, जल्दी निवेश से मिलता है कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा

तैयारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप यूथ यानी जेन जेड हैं और निवेश कर पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो अपनी पहली सैलरी के साथ ही निवेश करना शुरू कर दें। आप जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे आपका पैसा उतना जल्दी ही बढ़ेगा। यूथ यानी जेन जेड के लिए निवेश सिर्फ बचत का तरीका नहीं, बल्कि जल्दी आर्थिक आजादी पाने का भी रास्ता है। छोटे-छोटे निवेश से शुरू करके और सही जगह पैसे लगाकर बड़े रिटर्न हासिल किए जा सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस युवाओं को कम रकम से भी मजबूत पोर्टफोलियो बनाने का मौका देते हैं। जेन जेड एक ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से काफी जुड़ी हुई है और फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी जागरूक है। ये युवा सिर्फ पैसे कमाना नहीं, बल्कि उसे समझदारी से इन्वेस्ट करके बढ़ाना भी चाहते हैं। शुरुआती उम्र में इन्वेस्टमेंट शुरू करने से कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा मिलता है, जिससे थोड़े-थोड़े पैसे भी समय के साथ एक बड़ी रकम में बदल सकते हैं, लेकिन ये जानना ज़रूरी है कि कौन से ऑप्शन्स उनके लिए बेस्ट हैं, खासकर जब उनके पास इन्वेस्ट करने के लिए बहुत ज्यादा पैसे ना हों।

### म्यूचुअल फंड्स एसआईपी का जादू

म्यूचुअल फंड एसआईपी जेन जेड के लिए सबसे आसान और भरोसेमंद विकल्प है। खासकर अगर आपको स्टॉक मार्केट की ज्यादा जानकारी नहीं है। इसमें आप महज 500 प्रति माह से शुरुआत कर सकते हैं। हालांकि इसमें थोड़ा लंबी अवधि के लिए निवेश करना होता है, लेकिन यह पैसे बचाने और अच्छा रिटर्न पाने का बेहतरीन तरीका है। एसआईपी को धीरे-धीरे बढ़ाया भी जा सकता है। इसमें आपको 12-15% तक का औसत वार्षिक रिटर्न लंबे समय में मिल सकता है। आपका पैसा कई जगह इन्वेस्ट होता है, जिससे रिस्क कम हो जाता है। एक्सपर्ट्स आपके पैसे को मैनेज करते हैं। जरूरत पड़ने पर आप आसानी से अपने पैसे निकाल भी सकते हैं। अगर आप 1,000 महीने की एसआईपी 20 साल तक करें और 12% रिटर्न मिले तो करीब 9.19 लाख का फंड बन सकता है, जबकि निवेश सिर्फ 2.4 लाख रुपये का होगा।

### डिजिटल गोल्ड–सुरक्षित व आसान

आज के युवाओं को गोल्ड का पुराना झंझट पसंद नहीं। इसलिए उनके लिए डिजिटल गोल्ड निवेश का बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इसमें निवेश करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। निवेश के लिए कई प्लेटफॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ये जेन जेड के लिए निवेश करने के लिए आसान हैं। युवा इन एप्स के जरीये आसानी से निवेश कर अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। इसमें 24 कैरेट का शुद्ध सोना खरीद सकते हैं। सिर्फ 100 रुपये से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। मेकिंग चार्ज का झंझट नहीं होता। सेफ्टी को लेकर बहुत फिक्रमंद रहने की जरूरत नहीं होती। आप चाहें तो भविष्य में इसे फिजिकल गोल्ड में भी कन्वर्ट करवा सकते हैं। इसके अलावा गोल्ड हमेशा महंगाई को मात देता है और पोर्टफोलियो को स्थिरता देता है।




### कहां निवेश करें?

▶▶ फोन पे, पेटीएम, गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म पर डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं।
▶▶ पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ)–गारंटीड रिटर्न
▶▶ लॉन्ग टर्म और सुरक्षित निवेश चाहने वालों के लिए पीपीएफ परफेक्ट है। इसके जरिए लॉन्ग टर्म में मोटा फंड तैयार किया जा सकता है।

### यह होगा फायदा

इसमें सालाना 500 रुपये मिनिमम निवेश कर सकते हैं। हालांकि बड़े रिटर्न के लिए बड़ी राशि निवेश करनी पड़ेगी। सरकार हर तिमाही ब्याज दर तय करती है। फिलहाल 7.1% है, जो तमाम स्कीम्स की तुलना में बेहतर है। ईईई की कैटेगरी में आने के कारण आपका तीन तरह से टैक्स बचाएगी।

### कैसे करें निवेश?

▶▶ बैंक या पोस्ट ऑफिस में जाकर आप इस स्कीम को शुरू कर सकते हैं।
▶▶ पी2पी लेंडिंग पर सीधे पैसे उधार दें
▶▶ पी2पी लेंडिंग एक नया इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है जहां आप सीधे दूसरों को पैसे उधार देते हैं और बदले में ब्याज कमाते हैं।-ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के ज़रिए आप उन लोगों या छोटे बिज़नेसेस को पैसे उधार देते हैं जिन्हें जरूरत होती है।
▶▶ आमतौर पर बैंक एफडी से ज्यादा ब्याज मिलता है (10-18% तक)। आपके इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में एक नया एसेट क्लास जुड़ता है। फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) : सुरक्षित और स्थिर अगर आपके पास एकमुश्त रकम है और आप निवेश पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते, तो एफडी एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें आप बैंक या पोस्ट ऑफिस में एक निश्चित अवधि के लिए पैसे जमा करते हैं और आपको उस पर फिक्स्ड ब्याज मिलता है। इसमें आपके पैसे पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं। आपको पहले से पता होता है कि कितना ब्याज मिलेगा। मार्केट के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं होता।

**जानकारी** मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें बन जाती हैं खतरा, इसलिए पहले से ही कर लें निवेश की तैयारी

**सेवानिवृत्ति के बाद बुढ़ापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम ताकि किसी पर डिपेंड नहीं रहना पड़े**

# एन्युटी में निवेश कर सेवानिवृत्ति के बाद हो जाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र, बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी से बनी रहती है मानसिक शांति

समझदारी
सुश्री विद्या अय्यर

हर व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहता है। चाहे वेतनभोगी हों या स्व-रोज़गार वाले लोग, सभी चाहते हैं कि बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी और मानसिक शांति बनी रहे, लेकिन, मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें अक्सर दीर्घकालिक आय सुरक्षा के लिए खतरा बन जाती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की है। इससे सुनिश्चित बचत विकल्पों पर मिलने वाले रिटर्न में कमी आई है, जिससे सेवानिवृत्त लोगों को अपनी बचत से कम आय हो रही है। इसलिए आपको पहले से ही जागरूक होना होगा और सेवा निवृत्ति के बाद बुढापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाने होंगे। आपके लिए एन्युटी में निवेश बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे आपको जीवन भर की आय मिल सकती है और किसी डिपेंड नहीं रहना होगा। तभी आप अपना भविष्य सुरक्षित रख पाएंगे।

### एन्युटी (वार्षिकी) कैसे मदद करती हैं?

सेवानिवृत्ति के बाद स्थिर और नियमित आय हो तो लोग वित्तीय रूप से सुरक्षित रहते हैं। इस तरह की नियमित आय से सेवानिवृत्त लोग जीवनयापन के खर्च के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा या अपने हर तरह के शौक पूरे कर सकते हैं और दूसरों पर निर्भर हुए बिना शांति से जीवन-यापन करसकते हैं। एन्युटी जीवन भर की आय प्रदान करती है। यह आय मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर हासिल की जा सकती है और इसे जीवन भर या निश्चित अवधि के लिए अपनी ज़रूरत के अनुरूप व्यवस्थित किया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें निश्चितता होती है। सेवानिवृत्त लोगों को पता होता है कि उन्हें नियमित आय होगी जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद कर सकती है।



### एन्युटी में निवेश करने का यह सही समय क्यों?

ब्याज दरों में गिरावट के माहौल में, एन्युटी विशेष रूप से उपयोगी होती हैं। इससे खरीद के समय ब्याज दर लॉक हो जाती है, जिससे जीवन भर के लिए आय की गारंटी सुनिश्चित होती है और ब्याज दर में किसी भी उतार-चढ़ाव का उन पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इए में ब्याज दरों में कमी आने की उम्मीद है, जैसा कि अमेरिका और जापान जैसे देशों में देखा जा रहा है। अभी कदम उठाने से भविष्य की आय सुरक्षित करने में मदद मिल सकती है। जो लोग सेवानिवृत्ति के करीब हैं, उनके लिए पूर्वानुमान सुरक्षा लाता है।

### विवेकपूर्ण विकल्प

एन्युटी उत्पाद इस मायने में बहुमुखी हैं कि ये न केवल सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिए बल्कि जीवनसाथी के लिए भी गारंटीशुदा आय सुनिश्चित करते हैं। सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे किसी भी व्यक्ति के लिए, एन्युटी एक स्मार्ट और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार विकल्प है। अनिश्चितता के दौर में, एन्युटी विश्वसनीयता प्रदान करती है। इस पर आधारित योजनाएं सेवानिवृत्त लोगों को आगे की योजना बनाने का आत्मविश्वास देती हैं, उन्हें ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से बचाती हैं और आजीवन स्वतंत्रता सुनिश्चित करती हैं। आज की दरों पर आय को सुरक्षित कर, व्यक्ति अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए मज़बूत और सुरक्षित आधार तैयार कर सकते हैं।

*(लेखक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के फिक्स्ड इन्कम हेड हैं।)*

### क्या है एन्यूटी

एन्यूटी एक प्रकार का निवेश है जिसमें आप एक निश्चित राशि का भुगतान करते हैं और बदले में एक निश्चित अवधि के लिए नियमित आय प्राप्त करते हैं। एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक स्थिर और अनुमानित आय मिल सकती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।

### एन्यूटी के प्रकार

1. **फिक्स्ड एन्यूटी** : इसमें आपको एक निश्चित दर पर आय मिलती है, जो आपके निवेश की अवधि के दौरान नहीं बदलती है।
2. **वेरिएबल एन्यूटी** : इसमें आपकी आय बाजार की स्थिति के आधार पर बदल सकती है।
3. **इंडेक्स-लिंक्ड एन्यूटी** : इसमें आय एक विशिष्ट सूचकांक के प्रदर्शन से जुड़ी होती है, जैसे कि शेयर बाजार सूचकांक।

### एन्यूटी के लाभ

1. **नियमित आय** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक नियमित आय मिलती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।
2. **जोखिम कम** : एन्यूटी में निवेश करने से जोखिम कम होता है, क्योंकि आपको एक निश्चित आय मिलती है।
3. **वित्तीय सुरक्षा** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको वित्तीय सुरक्षा मिलती है, जो आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

### एन्यूटी के लिए कौन उपयुक्त

1. **रिटायर्ड व्यक्ति**
एन्यूटी में निवेश करना रिटायर्ड व्यक्तियों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक नियमित आय की तलाश में हैं।
2. **जोखिम से बचने वाले निवेशक**
एन्यूटी में निवेश करना जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक निश्चित आय की तलाश में हैं।
3. **वित्तीय सुरक्षा की तलाश में**
एन्यूटी में निवेश करना उन लोगों के लिए उपयुक्त हो सकता है जो वित्तीय सुरक्षा की तलाश में हैं।

## खबर संक्षेप

### हर्ष ने राज्य स्तरीय टूनार्मेंट में जीता रजत पदक

**सिरसा।** जिला के गांव घोड़ावाली के हर्ष ने भिवानी के भीम स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय स्कुली खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीतकर गांव और जिला का नाम रोशन किया है। हर्ष सोनी पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का छात्र और खेल नर्सरी घोड़ावाली का खिलाड़ी है। कोच जतिन खिलेरी ने बताया कि हर्ष ने अंडर-17 आयु वर्ग हैमर थ्रो इवेंट में सिरसा जिला का नेतृत्व करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। हर्ष रोज सुबह-शाम दो-दो घंटे अभ्यास करता है और उसके निरंतर प्रयासों का ही नतीजा है कि उसने यह उपलब्धि हासिल की।

### श्रीराम के वनवास की हुई घोषणा

**सिरसा।** श्री विष्णु क्लब के मंच पर आयोजित रामलीला के मंचन ने दो अत्यंत मार्मिक प्रसंगों लक्कड़हारे का दर्द और श्रीराम को वनवास की घोषणा के साथ दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। प्रधान दीपक सेठी ने बताया कि मंचन की शुरुआत लक्कड़हारे का दर्द नामक प्रसंग से हुई, जिसने दर्शकों को गहरे सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर छू लिया। कलाकार ने लक्कड़हारे की भूमिका में अपनी गरीबी, संघर्ष और रोजमर्रा की मुश्किलों को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ दर्शाया। लक्कड़हारे की मजबूरी, पेड़ों को काटने का उसका दर्द और प्रकृति तथा जीवन के प्रति उसका द्वंद्व दर्शकों के सामने जीवंत हो उठा।

### हिंदी के बिना हिंदुस्तान की कल्पना अधूरी

**ओढां।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ां में हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हरि कृष्ण कटारिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर राजभाषा अधिकारी महेंद्र बैरवा ने हिंदी पखवाड़ा के आयोजन का महत्व बताते हुए कहा कि हिंदी भाषा हमारा गौरव है, हिंदी हमारी पहचान है और हिंदी के बिना हिंदुस्तान की कल्पना अधूरी है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्रा भावना द्वारा भाषण, योग माया और लावण्या द्वारा हिंदी माथे की बिंदी पर युगल नृत्य, छात्रा सुरभि द्वारा महाभारत कथा के प्रसंग पर मनमोहक काव्य प्रस्तुति और छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

### राम वनवास का भावुक मंचन देख नम हुई आंखें

**नारनौंद।** गांव लोहारी राघो में श्री रामा रामलीला कल्ब के बैनर तले चल रही ऐतिहासिक रामलीला में कलाकारों द्वारा बेहद ही सुदर मंचन किया गया। राम वनवास का भावुक मंचन देख दर्शक की आंखें नम हो गई। कैकेयी व राजा दशरथ और कौशल्या व राम के बीच का संवाद सबसे ज्यादा काबिले तारीफ रहा। प्रसंग में दिखाया गया कि राजा दशरथ राम के राज्याभिषेक का ऐलान करवाते हैं। यह सुनकर दासी मंथरा कैकेयी के पास पहुंचकर उसे भड़काती है तथा राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राज्य दिलाने की बात कहती है। इस पर दासी मंथरा के बहकावे में आकर कैकेयी महल में रूठी हुई रहती है।

### लुवास में हुई भैंसों की नीलामी

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में भैंसों की नीलामी का आयोजन किया गया। इस नीलामी में प्रदेश भर के पशुपालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे बोली की प्रक्रिया काफी उत्साहजनक रही। नीलामी में कुल 85 पशु बिक्री के लिए रखे गए। खरीदारों ने हर पशु की क्षमता और उसके दूध उत्पादन के आधार पर उसे खरीदा। इस दौरान 20 भैंसों की कीमत 1 लाख से अधिक रही, और किसानों ने इनमें विशेष रुचि दिखाई। इस नीलामी की सबसे बड़ी बोली 1.58 लाख की लगी, जो इस आयोजन की सबसे अधिक कीमत थी। किसानों ने बताया कि ऐसी नीलामियों से उन्हें उच्च नस्ल और बेहतर गुणवत्ता वाले पशु मिलते हैं, जिससे उनका डेयरी व्यवसाय बेहतर होता है।

## गांवों में चला जागरूकता महाअभियान

# सेवा पखवाड़ा लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनाने का प्रयास : शर्मा

अभियान के दौरान नालियों की सफाई की और सार्वजनिक स्थलों पर उठाया कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत उपमंडल टोहाना में अलग-अलग स्थानों पर जनकल्याणकारी गतिविधियां निरंतर जारी हैं। टोहाना खंड के गांव अमानी, चंदड़ खुर्द, चंदड़ कलां, अकांवली, खनौरा तथा जाखल खंड के गांव चांदपुरा, साधनवास, दीवाना, मुंदलिया, तलवाड़ा और म्यौंद बोगावाली में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांवों में आयोजित सफाई अभियान के दौरान नालियों की सफाई की गई, सार्वजनिक स्थलों पर कचरा उठाया गया और लोगों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। युवाओं और महिलाओं ने भी इन अभियानों में सक्रिय भागीदारी की। ग्राम पंचायतों ने आगे भी नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गए कैंपों में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने गांवों में जांच शिविर लगाए, जिनमें ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर, शुगर और अन्य सामान्य जांचें की गईं।



टोहाना। सेवा पखवाड़े के दौरान गांव में सफाई करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### जरूरतमंदों को दवाइयां की वितरित

जरूरतमंदों को दवाइयां वितरित की गई और गंभीर बीमारियों के लक्षण पहचानने के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिलाओं और बच्चों में पोषण संबंधी जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया। गांवों में आयोजित बैठकों के दौरान महिलाओं को यह समझाया गया कि बच्चों की वृद्धि और परिवार की सेहत के लिए संतुलित आहार, हरी सब्जियां, दालें, अनाज और दूध जैसे पोषक तत्व कितने आवश्यक हैं। एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक अभियान नहीं बल्कि समाज को जोडने और लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनाने का एक बड़ा प्रयास है। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक जारी रहेंगे और प्रत्येक दिन किसी न किसी गांव या वार्ड में सफाई, स्वास्थ्य जांच, जागरूकता और सेवा से जुड़े कार्य संपन्न किए जाएंगे। कार्यक्रम में एसईपीओ माया गोदारा, एबीपीओ अरुण, संदीप जांगड़ा सहित पंचायत, महिला बाल विकास, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा एवं पोषण माह के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित

**जाखल।** सेवा पखवाड़ा एवं पोषण माह के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग फतेहबाद व रॉकेट लर्निंग के संयुक्त तत्वावधान में जाखल खण्ड के म्योंद कलां सर्कल स्थित गुल्लरवाला गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ईसीसीई दिवस और परामर्श एवं प्रदर्शन विषय पर अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी विविध गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक रोहतास कुमार ने अभिभावकों को बताया कि बच्चों के 3 से 6 साल की आयु के महत्वपूर्ण दिनों में बच्चा बहुत तेजी से सीखता है। बच्चा सबसे पहले सुनना उसके बाद बोलना उसके बाद लिखना और पढने की रफ्तार तेज हो जाती है। इस दौरान बच्चों से शिक्षा के पेड़ नमक गतिविधि आयोजित करवाई और बच्चों ने इसका भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी वर्क रजनी, सीमा और कृष्णा ने अभिभावकों को पोषण माह के बारे जागरूक करते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह अभियान मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रत्येक दिन अलग-अलग विषयों पर गतिविधियां आयोजित करवाई जा रही। हर दिन के अंतर्गत गृह भ्रमण व बच्चों को शिक्षण सामग्री के बारे में जानकारी दी जाती है।



भट्टूकलां। गांव दुईयां में एएसपी दिव्यांशी सिंगला का स्वागत करते हुए।

### दुईयां गांव में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**भट्टूकलां।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शनिवार को ठुईयां गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं से हुई, जिनमें कबड्डी, दौड़ व वॉलीबॉल प्रमुख रहे। इन खेलों के माध्यम से बच्चों व युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा दिया गया। विजेता टीमों व प्रतिभागियों को मौके पर प्रोत्साहित किया गया ताकि वे आगे भी खेलों में सक्रिय भागीदारी करें। खेलों के बाद आयोजित जागरूकता सत्र में पुलिस अधिकारियों ने बच्चों, युवाओं व ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक बुराइयों और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने जैसी सावधानियों पर जोर दिया गया। नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक नुकसान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया। इंटरनेट का सही व सुरक्षित उपयोग करने के टिप्स दिए गए।




भूना। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते पुलिस अधिकारी।

### पुलिस व स्वास्थ्य विभाग ने लगाया रक्तदान शिविर

**भूना।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पुलिस द्वारा विभिन्न सामाजिक और जनहितैषी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में थाना भुना पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से गांव खासा पठाना में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर डीएसपी रतिया नरसिंह, थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सहित कई गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी उपस्थित रहे। डीएसपी रतिया नरसिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य पुलिस और समाज के बीच आपसी विश्वास और सहयोग को और अधिक मजबूत करना है।

### नागोकी में लगा पशु स्वास्थ्य जागरुकता कैंप

**सिरसा।** जिला के गांव नागोकी में बीडीपीओ बडागुढ़ा के तत्वावधान में शनिवार को पशु जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कैंप में डॉ. ललित शर्मा ने मुख्य बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए टीकाकरण व डिवार्मिंग साइकिल को अच्छे से समझाया। बीडीपीओ ऑफिस से ग्राम सचिव मोहित, ग्राम सचिव प्रदीप और मुख्यातिथि गांव के सरपंच गुरमीत सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कैंप में पशु वीएलडीए नीरज वर्मा, एनिमल अटेंडेंट अरुण कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायता की। कैंप के तहत लगभग 98 से अधिक पशुपालकों को पशुओं का उपचार के लिए दवाइयां वितरित की गई।

## लॉर्ड शिवा कॉलेज ने मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

■ विद्यार्थियों को बताया फार्मासिस्ट का समाज के प्रति दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

लॉर्ड शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में पिछले दिनों विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर, रंगोली, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कॉलेज प्रवक्ता विष्णु शर्मा ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में फार्मेसी के 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें बीफार्म छठे सेमेसटर की महक ने प्रथम एवं बीफार्म द्वितीय सेमेस्टर की राधिका बजाज ने द्वितीय स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में फार्मेसी की 6 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें बीफार्म द्वितीय सेमेस्टर की टीम ए की आंचल रानी, कुंजम एवं नूर ने प्रथम व इसी सेमेस्टर की टीम सी की पायल, सपना रानी व राजकुमार की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में बीफार्म छठे सेमेस्टर की तान्या कौर ने प्रथम व महक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



सिरसा। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 4 टीमों ने लिया हिस्सा

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें टीम सी ने प्रथम स्थान हासिल किया जिसमें रोनक, प्रदीप, विशाल सैनी व राधिका बजाज थे वहीं टीम बी ने द्वितीय स्थान हासिल किया जिसमें वेदप्रकाश, सुनैना, सुशील व कुंजम थे। कार्यक्रम के दौरान संस्था के महानिदेशक देशकमल बिश्नोई, महासचिव एडवोकेट सोमप्रकाश बिश्नोई, इंजीनियर लोकेश बिश्नोई, प्रिंसिपल प्रो. जितेंद्र सिंह, वाइस प्रिंसिपल डॉ. जगतार सिंह ने विद्यार्थियों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की बधाई दी एवं फार्मेसी प्रोफेशन व विश्व फार्मासिस्ट दिवस के इतिहास से अवगत कराया।

## इनेलो की रोहतक रैली से बदली प्रदेश की राजनीतिक दशाः जस्सा

■ चौ. देवीलाल जयंती पर विशाल सम्मान रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि बीती 25 सितंबर की रोहतक में चौ. देवीलाल जयंती पर हुई विशाल ऐतिहासिक सम्मान रैली की सफलता से हरियाणा में अब राजनीतिक दशा व दिशा पूरी तरह से बदल गई है। जसवीर सिंह जस्सा ने जारी बयान में इस जयंती समारोह में सिरसा से बड़ी संख्या में रोहतक पहुंचे जिलावासियों का आभार जताते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक रैली में पहुंची भीड़ ने सिद्ध कर दिया कि चौधरी देवीलाल मरणोपरांत भी लोगों के जहन और दिल में बसते हैं जिन्होंने अपना सारा जीवन गरीब, किसान, मजदूर, बुजुर्ग आदि की सेवा में गुजार दिया। जस्सा ने कहा कि इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला के कुशल नेतृत्व में जिस प्रकार प्रदेशभर से आई लाखों की भीड़ ने अपना भरोसा इनेलो में जताया, उससे प्रमाणित होता है कि आगामी विधानसभा चुनावों में हरियाणा की सेवा का अवसर इनेलो को मिलेगा। जिलाध्यक्ष जस्सा ने कहा कि इस रैली की सफलता के बाद से कांग्रेस व भाजपा की नींद उड़ी हुई है क्योंकि उन्हें पता चल चुका है कि आज हरियाणा की जनता इनेलो पर ही भरोसा करती है।

## भक्तों ने की मां स्कंदमाता की पूजा

### नवरात्रि पर मां शीतला मंदिर में चल रही विशेष पूजा का छटा दिन

■ मां के स्वरूप की पूजा से संतान प्राप्ति का योग बनता : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

मां शीतला मंदिर में चल रही विशेष पूजा के छठे दिन आज स्कंदमाता की पूजा आराधना हुई। शीतला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सतीश शास्त्री जी ने बताया कि नवरात्रों में मां आदिशक्ति के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की पूजा करने का विधान है। मां के स्वरूप की पूजा करने से संतान प्राप्ति का योग बनता है और जीवन में सुख समृद्धि आती है और सादक को ज्ञान और सुख की प्राप्ति होती है। मां ने भोलेनाथ की अर्धांगिनी के रूप में कार्तिकेय जी को जन्म दिया था, जिनका दूसरा नाम स्कंद है, इसी कारण मां के इस स्वरूप को स्कंद माता भी कहा जाता है। मां को चारभुजा वाली सिंह पर सवार गोद में कार्तिकेय को लिए देवी को प्रेम और ममता की मूर्ति की माना जाता है। स्कंद माता के दोनों हाथों में कमल शोभयमान है। मां को पीला रंग प्रिय है इसलिए मां को इस दिन केसर की खीर पीले रंग की मिठाइयां पीले रंग के वस्त्र प्रिय है।



रतिया। मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

### बाढ़ पीड़ितों की सुध लेने की बजाय भाजपा का ध्यान वोटों परः केडिया

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि नवीन केडिया ने बीजेपी पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने और चुनाव से पूर्व पैसे बांटकर वोट खरीदने जैसा काम करने का आरोप लगाया है। शनिवार को जारी बयान में केडिया ने कहा कि हरियाणा और पंजाब में भयंकर बाढ़ आई जिससे लोग बुरी तरह से आपदाग्रस्त हैं। परंतु बीजेपी की केंद्र व प्रदेश सरकार ने महज 1600 करोड़ रुपए का पैकेज देकर किसानों का मजाक बनाया। बाढ़ पीड़ितों की सुध लेने की बजाय भाजपा का ध्यान वोटों पर है कांग्रेस नेता ने कहा कि महिला शक्ति को महज वोट समझने वाली बीजेपी को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि वह पैसे की ताकत से महिलाओं की गरिमा को खरीद लेंगे।

## कर्नाटक से दो शिक्षिकाएं पहुंची ढिंगसरा की प्राथमिक पाठशाला

विद्यालय की स्थापना और व्यवस्था के बारे में जाना

■ शिक्षिकाओं ने बच्चों को नवाचार के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव ढिंगसरा स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में मैंगलोर (कर्नाटक) से शिक्षिका प्रतिमा हेबर और जयलक्ष्मी ने आकर विद्यालय की गतिविधियां देखी और बच्चों से मुखातिब हुए। उन्होंने प्राचार्य रमेश चंद्र से विद्यालय की स्थापना और व्यवस्था के बारे में विस्तार से जाना। आए हुए शिक्षिकाओं ने बच्चों को नवाचार के बारे में बताया। प्रतिमा हेबर ने बच्चों को कठपुतली बनाना सिखाया और प्रयोग करके दिखाया। उन्होंने विद्यालय की प्रार्थना सभा, मिड दे मिल, कक्षा कक्ष, सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि को विस्तार से जाना ओर कर्नाटक के स्कूलों की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों और उपलब्ध सुविधाओं की भी सराहना की। स्कूल स्टाफ सदस्यों और प्राचार्य रमेश चन्द्र ने आए हुए मेहमानों का फूल मालाओं से स्वागत किया और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाए। अंत में प्राचार्य ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



फतेहाबाद। गांव ढिंगसरा प्राथमिक पाठशाला में पहुंची कर्नाटक की शिक्षिकाओं का स्वागत करते स्टाफ सदस्य।

## शिक्षा और राजनीति में था अहम योगदान, समाजसेवी संस्थाओं ने दी श्रद्धांजलि

# फतेहाबाद की जानी-मानी शख्सियत बनवारी लाल तनेजा का निधन

निधन पर पूरे शहर में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद।

फतेहाबाद शहर की प्रतिष्ठित शख्सियत बनवारी लाल तनेजा का दुखद देहांत हो गया। शनिवार को गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा है। उन्होंने समाज की सेवा को हमेशा प्राथमिकता दी और कभी भी अपने कार्यों को व्यापार का रूप नहीं लेने दिया। वह न केवल एक विचारशील राजनेता थे, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके निधन पर शहर भर में शोक की लहर दौड़ गई है। शहर की समाजसेवी संस्थाओं व सामाजिक संगठनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके निधन को समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया।



बनवारी लाल तनेजा।

### 10 अक्तूबर 1951 में हुआ जन्म

बनवारी लाल तनेजा का जन्म 10 अक्तूबर 1951 को हरियाणा राज्य के गोहाना कस्बे में एक साधारण परिवार में हुआ। बचपन से ही वे जिज्ञासु, परिश्रमी और तेजस्वी छात्र रहे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद से हुई। अपनी बौद्धिक क्षमता के कारण उन्होंने जिला हिसार से कक्षा 10वीं में उच्च स्थान प्राप्त किया। शिक्षा के प्रति गहरी रुचि और संकल्प के कारण उन्होंने आगे की पढ़ाई मनोहर मेमोरियल कॉलेज से पूरी की। उल्लेखनीय है कि यह कॉलेज अपने प्रारंभिक दिनों में सीनियर मॉडल स्कूल भवन से संचालित हुआ करता था और वे उसके प्रथम बैच के छात्र रहे। कालेज के दिनों में अभिनय और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। ज्ञान और शिक्षा के प्रति उनके उत्साह ने उन्हें आगे बढ़ाया। उन्होंने क्रमशः एमए, बीएड तथा एलएलबी. की उपाधियां प्राप्त कीं। शिक्षा, कानून और अध्यापन इन तीनों क्षेत्रों की समझ ने उनके व्यक्तित्व को बहुआयामी और अत्यंत सशक्त बनाया।

### 1991 में पार्षद, 1994 में नपा प्रधान बने

बनवारी लाल तनेजा केवल शिक्षा जगत तक सीमित नहीं रहे, बल्कि समाज व नगर की सेवा में भी सदैव अग्रणी रहे। वे 1991 में नगरपालिका परिषद पार्षद एवं 1994 में नगर पालिका के प्रधान चुने गए, वे इंप्रूवमेंट ट्रस्ट, फतेहाबाद के चेयरमैन बने। अपने कार्यकाल में उन्होंने नगर के विकास, स्वच्छता, आधारभूत ढांचे और जनकल्याण के अनेक कार्य किए।

#### देहदान का लिया था संकल्प

वे एक गतिशील व्यक्तित्व के धनी थे। एक नवोन्मेषी शिक्षक के रूप में विद्यार्थियों के बीच उन्हें सदैव आदर प्राप्त रहा। उनका जीवन अनुशासन, सरलता, सेवा और कर्मठता से परिपूर्ण था। समाज में वे प्रेरणास्त्रोत, मार्गदर्शक और सच्चे जनसेवक के रूप में जाने जाते थे। बनवारी लाल तनेजा ने अपने जीवन काल में अपनी देहदान का संकल्प लिया था, मगर शरीर केंसर ग्रस्त होने के कारण अग्रोहा मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पार्थिव देह लेने में असमर्थता जाहिर कर दी। मगर उनकी इच्छा के अनुरूप उनका नेत्रदान कर जरूरतमंदों को समर्पित की गई।

### 1982 में की टैगोर स्कूल की स्थापना

बनवारी लाल तनेजा का जीवन शिक्षा और समाज सेवा को समर्पित रहा। अपने शैक्षणिक गुरू पूर्ण मुद्गिल से प्रेरित होकर उन्होंने 28 मार्च 1982 को उन्होंने टैगोर मॉडल स्कूल की स्थापना की। इस विद्यालय ने फतेहाबाद सहित आसपास के क्षेत्रों में शिक्षा की नई रोशनी फैलाई और हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारने का कार्य किया। इस दौरान वे कई वर्षों तक फतेहाबाद स्कूल एसोसिएशन के प्रधान के पद पर कार्यरत रहे। उनकी दूरदर्शिता और नित नवाचार के चलते यह विद्यालय क्षेत्र का एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान बना। अपने जीवन के उत्तराद्ध में भी उन्होंने शिक्षा का दीप प्रज्ज्वलित रखने के लिए 2020 में स्कॉलर कॉन्वेंट स्कूल की स्थापना भी की। यह उनकी अदम्य ऊर्जा और शिक्षा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप



### राखीगढ़ी के लिए छात्रों का दल रवाना

**सिरसा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डिंग सिरसा के तत्वावधान में जिले के विभिन्न विद्यालयों से 76 चयनित विद्यार्थियों का दल ऐतिहासिक धरोहर राखीगढ़ी के लिए टूर पर गया। डाइट प्रवक्ता डॉ. विनोद भट्ट ने बताया कि विद्यार्थियों को प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को नजदीक से जानने और समझने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस भ्रमण दल को सिरसा जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस टूर का प्रमुख उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों पर जाकर स्वच्छता अभियान चलाकर उनका संरक्षण करना है।

### स्वच्छता, हरियाली ही सुंदर शहर की पहचान

**सिरसा।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद सिरसा व डबवाली और नगरपालिका ऐलनाबाद, रानियां व कालांवाली की टीमों द्वारा निरंतर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान टीमों द्वारा आमजन से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की जा रही है तथा उन्हें स्वच्छता का महत्व बताते हुए जागरूक भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, आमजन से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने की भी अपील की जा रही है।

### हनुमान जी के कंधों पर विराजे राम-लक्ष्मण

**फतेहाबाद।** युवा एकता क्लब द्वारा लाजपत नगर में जारी नौ दिवसीय दुर्गा महोत्सव के पांचवें दिन माता रानी की भक्ति की बयार बहती रही। इस दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी में हनुमान जी अपने कंधों पर भगवान राम और लक्ष्मण को लेकर चलते दिखाई दिए, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। भगवान हनुमान की झांकी को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की भूमिका निभाई जबकि हनुमान जी का रूप धारण कर कलाकार ने दर्शकों का मन मोह लिया।

### परीक्षा में छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय की बीसीए द्वितीय वर्ष (चतुर्थ समेस्टर) की छात्राओं ने विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में शरणदीप कौर ने द्वितीय स्थान तथा अक्शदीप कौर ने सातवां स्थान प्राप्त कर गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। प्राचार्य डॉ. सज्जन सेलवाल ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे समर्पित कंप्यूटर विज्ञान शिक्षकों की कड़ी मेहनत तथा महाविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशाला, अत्याधुनिक उपकरणों और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। शिक्षकों ने छात्राओं को भी सराहा।

## शहीद ए आजम भगत सिंह के जन्म दिवस पर बरसीन में कार्यक्रम

# 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे से गूंज उठा स्कूल प्रांगण, छात्रों ने दी श्रद्धांजलि

**कार्यक्रम का संचालन दसवीं कक्षा की छात्राओं शिखा और कविता ने किया, शिक्षकों ने सराहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** भगत सिंह जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए सरकारी स्कूल बरसीन के छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

शहीदे आजम भगत सिंह के जन्मदिवस के मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरसीन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन दसवीं कक्षा की छात्राओं शिखा और कविता ने किया। इस अवसर पर दर्जनभर छात्र-छात्राओं ने भगत सिंह के जीवन और उनके क्रांतिकारी विचारों से प्रेरित कविताएं, गीत, विचार, भाषण और पेंटिंग प्रस्तुत की।12वीं कक्षा के छात्र स्माइल ने अपने संबोधन में बताया कि 1926 में भगत सिंह और उनके साथियों ने देश के नौजवानों के संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया था। जिसका उद्देश्य था कि देश के नौजवान अच्छी पढ़ाई करते हुए देश की राजनीतिक आर्थिक हालात को समझें। नौजवान भारत सभा की स्थापना का यह 100वां साल चल रहा है और नौजवानों के इस संगठन का स्पष्ट लक्ष्य था कि हम संगठित होकर विदेशी दासता से मुक्ति के लिए संघर्ष करें और साथ ही देश की आजादी के बाद देश की सत्ता मजदूर किसानों के हाथों में आए इसके लिए देश के नौजवान किसान मजदूर एकजुट होकर संघर्ष करें।

**मैं नास्तिक क्यों हूं'**

*दसवीं कक्षा की छात्रा शिखा ने कहा कि भगत सिंह का लेख 'मैं नास्तिक क्यों हूं' हम सब विद्यार्थियों को पढने की जरूरत है। इस लेख में भगत सिंह ने लिखा है कि यदि कोई देवी शक्ति इस दुनिया को संचालित कर रही है तो पूरी दुनिया में जो अन्याय, जुल्म और शोषण है, वह क्यों है। कविता ने बताया कि भगत सिंह और उनके साथियों ने इंकलाब जिंदाबाद के नारे को बुलंद किया जिसका अर्थ है क्रांति होकर रहेगी। आज के कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल और सभी स्टाफ उपस्थित रहे।*

**एमपी रोही के कन्या विद्यालय में दी श्रद्धांजलि**

## शहीदे-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस पर स्कूल में लगा रक्तदान शिविर



फतेहाबाद। एमपी रोही में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहीदे-आजम भगत सिंह के 119वें जन्मदिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर रोही द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी, नेताजी नवक्रांति मंच, एसएमसी व ग्राम पंचायत के सहयोग से राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य भगवान दत्त की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान थे।

**साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान मुख्य अतिथि रहे**

**ये रहे मौजूद**

शिविर में रणबीर सिंह, दिलबाग सिंह, रामनिवास, सतबीर गुज्जर, राजकुमार, संदीप, जोगिन्द्र गिल, विकास, सुरेन्द्र गोदारा, डॉ. सुभाष ढाण्ड, तमन्ना, सुशील थालौड़, भजनलाल, रवि, उत्तम, राजेन्द्र सिंह, मुकेश गोदारा, रविन्द्र थालौड़, ओमप्रकाश कादयान, रमेश शास्त्री सहित अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी, सिविल अस्पताल फतेहाबाद के अधिकारी, ग्राम पंचायत के सदस्य व सरपंच, नेताजी जनक्रांति मंच के पदाधिकारी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राम वनवास देखकर दर्शक भावुक

■ रामलीला में बनवास के बाद दशरथ की मौत का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

बाबा बंदा सिंह बहादुर स्टेडियम में शक्ति नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के पांचवे दिन राम वनवास और दशरथ की मौत का मंचन किया गया। आज रामलीला का शुभारंभ राइस मिल यूनियन के अध्यक्ष मोनू जिंदल, अमन जैन, शंटी गर्ग, गगन जिंदल ने किया।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजकुमार सिंगला, नरेश गोयल, डॉ. चरणजीत मलिक, सौरभ गोयल, नरेंद्र मालिक, सचिन तनेजा, सतीश खन्ना, प्रवीण तनेजा, संदीप जैन, राजेश मंगला, रवि सेतिया, टेक चंद खुराना, सतीश सरदाना सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।रामलीला के पांचवे दिन के मंचन में राजा दशरथ द्वारा राम को अयोध्या का राजा घोषित करने की घोषणा पर और रानी कैकई राम को 14 वर्षों का वनवास तथा भरत को राजा बनाने की मांग की। मंच पर मंथरा द्वारा कैकयी को बरगलाने, कैकई के कोप भवन जाने और महाराज दशरथ द्वारा रानी को मनाने और सीता और लक्ष्मण के साथ राम के वन की ओर प्रस्थान करने का दृश्य देखकर दर्शक भावुक हो गए।



**रतिया।** रामलीला का मंचन करते कलाकार।

**क्लब प्रधान को सम्मानित किया**

*रामलीला मंचन का समापन पर शक्ति नाटक क्लब के प्रधान राजेश सेतिया, पंजाबी सभा अध्यक्ष हांडा, कृष्ण तनेजा, विज्ञान सागर बाघला, हरबंस खन्ना ने सहित अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया*

## राजकीय महिला कॉलेज में चार दिवसीय कार्यशाला जारी

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय मों छात्राओं को उनके करियर के लिए जागरूक करने के लिए चार दिवसीय कार्यशाला जारी है। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. मोनिका गिल ने बताया कि कार्यशाला के मुख्य वक्ता अमित जैन, डायरेक्टर एसपीएन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंग्लिश लैंग्वेज ने कार्यशाला में छात्राओं को स्वयं का परिचय देना, वार्तालाप के तरीके, समूह वार्तालाप के गुण तथा स्वयं में आत्म विश्वास जागरूक करने के लिए गुण सिखाए। इस अवसर पर प्लेसमेंट विभाग के सभी सदस्य मौजूद रहे तथा छात्राओं ने भी इस कार्यशाला में बढ़ चढक़र भाग लिया। कार्यशाला के दौरान अमित जैन ने छात्राओं को कौशल में सुधार के लिए, आपको ध्यान से सुनना चाहिए, स्पष्ट और संक्षिप्त रूप से बात करनी चाहिए, आत्मविश्वास बढ़ाना चाहिए।

## शहीद बाबा दीप सिंह वेटरनरी कॉलेज अहरवां में मनाया गया विश्व रेबीज दिवस

■ डॉ. सुधीर खन्ना ने स्लाइड शो के माध्यम से रेबीज की बीमारी के कारणों पर प्रकाश डाला

*मुस्कान ने विश्व रेबीज दिवस की थीम पर कार्यक्रम पेश किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहीद बाबा दीप सिंह वेटरनरी कॉलेज, अहरवां में आज विश्व रेबीज दिवस मनाया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष 28 सितंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व की सबसे घातक संक्रामक बीमारी रेबीज के बारे में जागरूकता फैलाना तथा इसकी रोकथाम और नियंत्रण के प्रयासों को बढ़ावा देना है। यह दिन महान वैज्ञानिक लुई पाश्चर के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने रेबीज का पहला टीका विकसित किया था।

इस अवसर पर कॉलेज की छात्रा मिस मुस्कान ने विश्व रेबीज दिवस की थीम 'अभी कार्य करें, आप, मैं और समुदाय' पर विचार रखते हुए बताया कि रेबीज को समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर खन्ना ने स्लाइड शो के माध्यम से रेबीज की बीमारी, उसकी रोकथाम और बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी।



**फतेहाबाद।** विश्व रेबीज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

**टाइटेनिक इंडिया ने कार्यक्रम में सहयोग किया**

इस अवसर पर डॉ. सज्जन कुमार, डॉ. काशीराम, डॉ. बलवंत खत्री, डॉ. रसपाल सिंह, रविकांत गर्ग, विकास कुमार, पूजा, रॉबिन, पलविंदर कौर और टाइटेनिक फार्मास्यूटिकल से देलुराम व अनिल उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम फार्मास्यूटिकल कंपनी टाइटेनिक इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया।

## मानव जीवन आगे बढ़ने का शानदार अवसर: स्वामी विज्ञानानंद



**सिरसा।** जिला जेल में कैदियों को ब्रह्मज्ञान की दीक्षा प्रदान करते हुए स्वामी विज्ञानानंद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने बंदियों का किया मार्गदर्शन

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से स्थानीय जिला कारागार में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को कारागार परिसर में कैदियों को ब्रह्मज्ञान की दीक्षा प्रदान की गई। संस्थान की ओर से स्वामी विज्ञानानंद ने बताया कि मानव जन्म एक अवसर है, जो समझ लेता है, वो आगे बढ़ता है। सत्य को जानने के लिए कि यह मानव जीवन का उद्देश्य क्या है और जो आगे बढक़र सत्य को जान लेते हैं, वो आगे बढक़र समाज में प्रेम के साथ सत्य की बात बताते हैं क्योंकि वो जान जाते हैं कि जो सत्य को हमने पाया है वो सत्य अगर सभी जान जाएं तभी समाज में एक क्रांति आएगी, जो समाज के लिए जरूरी है।

**राजकीय महिला महाविद्यालय किया आयोजन**

## आर्ट एवं क्राफ्ट कार्यशाला में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भोडिया खेड़ा स्थित चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान सोसाइटी एवं पिडीलाइट कंपनी के तत्वावधान में आर्ट एवं क्राफ्ट की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लखबीर कौर ने छात्राओं को आकर्षक कलात्मक वस्तुएं बनाना सीखने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्राओं की छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का अवसर प्रदान करती हैं। साथ ही कला के इन कौशलों को व्यवसाय के रूप में अपनाकर छात्राएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर सकती हैं। पिडीलाइट कंपनी की ओर से मीतू सचदेवा ने छात्राओं को गृह सज्जा से संबंधित विभिन्न कलात्मक गतिविधियां जैसे फैब्रिक पेंटिंग, ग्लास पेंटिंग, थाली सजावट और कोस्टर बनाने का प्रशिक्षण दिया।



**फतेहाबाद।** महिला कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेती छात्राएं।

**कार्यशाला में 40 छात्राओं ने लिया हिस्सा**

*इस कार्यशाला का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. ममता रानी की अध्यक्षता में हुआ। सहायक प्राध्यापक डॉ. कविता, सोना और प्रीति ने प्रदर्शनी की सराहना की और छात्राओं को भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में लगभग 40 छात्राओं ने भाग लिया।*

## सीडीएलयू की छात्रा सोना हिमाचल प्रदेश न्यायिक सेवा में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ सोना रापड़िया मूल रूप से रोहतक के महम उपमंडल के गांव भैणी महाराजपुर की रहने वाली



चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के विधि विभाग की छात्रा सोना रापडिय़ा का चयन हिमाचल प्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल जज के पद पर हुआ है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, बल्कि विश्वविद्यालय और विधि विभाग के लिए भी अत्यंत गौरव का विषय है। सोना रापडिय़ा जिला रोहतक के महम उपमंडल के अंतर्गत गांव भैणी महाराजपुर की निवासी हैं। उनके पिता सुंदर सिंह, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल हैं और माता दर्शना देवी गृहिणी हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि से होते हुए भी सोना ने कठिन परिस्थितियों में निरंतर परिश्रम कर यह सिद्ध किया है कि दृढ़ निश्चय और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

इस उपलब्धि पर विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक मक्कड़ एवं विभागाध्यक्ष प्रो. उमेद सिंह ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि सोना की यह सफलता हमारे विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। उनका यह चयन आने वाली पीढिय़ों को न्यायिक सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विकास पूनिया ने बताया कि सोना विद्यार्थी जीवन में सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रही हैं।

## वाद विवाद प्रतियोगिता में तान्या और प्रिंस अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एनईपी सारथी के तत्वावधान में वाद-विवाद एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां वाद-विवाद प्रतियोगिता में विषय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020-शिक्षा एवं कौशल के बीच सेतु निर्माण' था, वहीं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में 'शिक्षा परिवर्तन से राष्ट्र परिवर्तन' विषय दिया गया था। दोनों प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को सृजनात्मक व बौद्धिक मंच प्रदान करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना को विद्यार्थियों तक पहुंचाना था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट् स्टडीज के डीन प्रोफेसर सुशील कुमार थे जिन्होंने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और टिप्स दिए।

**शानदान प्रदर्शन**

वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीबीए की तान्या एवं बीकॉम के छात्र प्रिंस रहे। द्वितीय स्थान पर बी.कॉम की छात्राएं टिशा एवं सान्या रहीं। इसी प्रकार तृतीय स्थान पर बी.एससी. गणित की छात्राएं हिमांशी एवं संजना रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम स्थान पर बी.एससी. गणित की छात्रा नूवी रही। द्वितीय स्थान पर बीएससी एफएसटी की छात्रा साक्षी रही। वहीं तृतीय स्थान पर बी.कॉम की छात्रा रोशनी रही।

**नगर आयुक्त संजय बिश्नोई जगजीवनपुरा ने ली बैठक**

# सामूहिक प्रयासों से ही शहर बनेगा स्वच्छ व सुंदर

**कार्यशाला में 12 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लगभग 80 महिलाओं ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई जगजीवनपुरा में स्थित नगर परिषद के पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की एक बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई।

इस अवसर पर महिलाओं को जागरूक करते हुए डीएमसी संजय बिश्नोई ने बताया कि घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण किस प्रकार किया जाए। बैठक के साथ आयोजित कार्यशाला में 12 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लगभग 80 महिलाओं ने भाग लिया और अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान प्लास्टिक मुक्त फतेहाबाद अभियान को गति देने के लिए महिलाओं को कपड़े के थैले वितरित किए गए तथा उपस्थित सभी लोगों को प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही, यह निर्णय लिया गया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं घर-घर जाकर नागरिकों को जागरूक करेंगी, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त अभियान से जुड़ सकें। इसके उपरांत डीएमसी संजय बिश्नोई ने कूड़ा बीनने वाले व्यक्तियों की भी एक कार्यशाला आयोजित की। इसमें उन्हें नगर परिषद में पंजीकरण कराने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे वे सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।



**फतेहाबाद।** बैठक को संबोधित करते डीएमसी संजय बिश्नोई।

**प्लास्टिक मुक्त शहर**

*इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त फतेहाबाद के निर्माण में नागरिक, स्वयं सहायता समूह और रैगपिकर्स की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। सामूहिक प्रयासों से ही शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सकता है।साथ ही, उनके द्वारा एकत्रित कचरे को मान्यता प्राप्त रीसाइक्लर्स तक पहुंचाकर उचित निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।*

## एकजुट हो दुकानदार पार्षद व प्रधान भी करें समर्थन : नारंग

**फतेहाबाद।** दीपावली जैसे पवित्र त्यौहार के समय शहर में नगरपरिषद द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाना सरासर गलत है। दुकानदार और व्यापारी पूरा साल इस त्यौहारी सीजन का इंतजार करते हैं। ऐसे समय में दुकानदारों पर कार्रवाई कदापि उचित नहीं है। पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा व नगरपरिषद के पूर्व प्रधान विरेन्द्र नारंग के कार्यकाल में दुकानदारों को किसी तरीके से परेशान नहीं किया जाता था बल्कि त्यौहारों के समय दोनों जनप्रतिनिधि दुकानदारों के बीच जाकर उनके साथ अपनी खुशियां साझा करते थे। दीपावली पर शहर के बाजारों को सजाया जाता था। फड़ी-रेहड़ी वालों की कोई पर्ची नहीं कटती थी। आज शहर के दुकानदार पूर्व प्रधान विरेन्द्र नारंग को फिर से याद कर रहे हैं।